# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ के बादशाह नगर, बरेली सिटी और ललितपुर सहित देश के अट्‌ठारह रेलवे स्टेशनों पर पीएम जनऔषधि केंद्रों का किया शुभारंभ।
- सर्वोच्च न्यायालय ने संपत्ति विध्वंस पर जारी किये दिशा निर्देश : कहा– उचित प्राधिकार के बिना किसी भी सम्पत्ति के विध्वंस को समझा जाएगा मनमाना कार्रवाई।
- प्रदेश में उपचुनाव को लेकर प्रचार हुआ तेज : भाजपा के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवारों के लिये की जनसभा।
- केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्‌टर ने डेडिकेटेड कन्ट्रोल सेन्ट्रल का किया अवलोकन। कहा–सफाई के मामले में उत्तर प्रदेश प्राप्त करेगा देश में पहला स्थान।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल लखनऊ के बादशाह नगर रेलवे स्टेशन, बरेली सिटी और ललितपुर समेत देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अट्‌ठारह प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। उन्होंने बिहार के दरभंगा से बारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की अन्य विकास परियोजनाओं का भी उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।

***साथियों, हमारी सरकार देश में स्वास्थ्य को लेकर होलिस्टिक एप्रोच के साथ काम कर रही है। हमारा पहला कदम हमारा फोकस बीमारी से बचाव पर है। दूसरा फोकस बीमारी की सही तरीके से जांच पर है। तीसरा फोकस है लोगों को मुफ्त और सस्ता इलाज मिले और सस्ती दवाएं मिलें। हमारा चौथा फोकस है छोटे शहरों में भी इलाज की बेहतरीन सुविधाएं पहुंचाना। देश में डॉक्टरों की कमी। और हमारा पांचवां फोकस है स्वास्थ्य सेवाओं में टेक्नोलॉजी का विस्तार करना।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि बेहतर जीवन शैली को बढ़ावा देने के साथ योग, आयुष और पोषण को मुख्य स्वास्थ्य सेवाओं में एकीकृत किया गया है।

***हमने देशभर में डेढ़ लाख से ज्याम्दा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए हैं। इससे कैंसर, डायबिटीज जैसी अनेक बिमारियों के बारे में शुरू में ही पता लग सकता है। आयुष्मान भारत योजना से अब तक देश में चार करोड़ से अधिक गरीब मरीजों का इलाज हो चुका है।***

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि कार्यपालिका, व्यक्तियों की संपत्तियों को ध्वस्त करके उनके अपराध का निर्धारण करने में न्यायपालिका के रूप में कार्य नहीं कर सकती है। आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक महत्वपूर्ण फैसले में, न्यायालय ने कहा है कि उचित प्राधिकार के बिना किसी भी संपत्ति के विध्वंस को मनमाना समझा जाएगा। दो न्यायाधीशों की पीठ ने संपत्तियों के अनाधिकृत विध्वंस को रोकने के लिए अखिल भारतीय दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। एक रिपोर्ट....

***सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि कारण बताओ नोटिस के बिना कोई विध्वंस नहीं होना चाहिए। यह नोटिस या तो स्थानीय नगरपालिका कानूनों द्वारा निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर या सेवा की तारीख से 15 दिनों के भीतर में जो भी बाद में हो, वापस किया जाना चाहिए। नामित प्राधिकारी को प्रभावित पक्ष को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान करना आवश्यक है, जिसमें सुनवाई का विवरण विधिवत दर्ज किया जाए। दिशानिर्देशों में यह भी कहा गया है कि विध्वंसक कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए, उसे संरक्षित रखा जाए, जिला कलेक्टर को रिपोर्ट किया जाए और डिजिटल पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

केंद्रीय वाणिज्य उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कल मानव वन्य जीव संघर्ष रोकने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व द्वारा तैयार जागरुकता रथ बाघ–एक्सप्रेस को टाइगर रिजर्व मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री प्रसाद ने कहा कि जंगल किनारे के 72 गांवों में इन रथों के माध्यम से लोगों को वन्य जीवों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

**********

लखनऊ के बाहरी क्षेत्र बंथरा बिजनौर में कल भारत तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी के पूर्वी फ्रंटियर कार्यालय का शिलान्यास आईटीबीपी के महानिदेशक राहुल रसगोत्रा ने किया। उन्होंने बताया कि इस फ्रंटियर ऑफिस के बन जाने से पास के बॉर्डर क्षेत्र में फोर्स का डेप्लॉयमेंट आसान होगा।

**********

प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों के लिए बीस नवंबर को होने वाले उपचुनाव की तिथि नजदीक आने के साथ ही सभी राजनीतिक दलों ने अपने चुनाव प्रचार की गति बढ़ा दी है। सभी राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक संबंधित विधानसभा क्षेत्र मे अपने–अपने पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी जनसभाएं और रैलियां कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल कानपुर की सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तीखे हमले किए। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कल कानपुर की सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा की और भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

**********

प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों के लिए बीस नवंबर को होने वाले उपचुनाव में प्रयागराज जिले की फूलपुर विधानसभा सीट भी शामिल है। भाजपा के विधायक प्रवीण पटेल के दो हजार चौबीस में सांसद बनने के बाद यह विधानसभा सीट रिक्त हो गई। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि.........

***फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच माना जा रहा है, लेकिन बसपा ने भी अपना उम्मीदवार उतारकर लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। भाजपा ने फूलपुर की पूर्व सांसद केसरी देवी पटेल के बेटे पूर्व विधायक दीपक पटेल को चुनाव मैदान में उतारा है। दीपक पटेल 2012 में करछना विधानसभा सीट से बसपा के विधायक रह चुके हैं। वहीं समाजवादी पार्टी ने मो मुजतबा सिद्दिकी को टिकट दिया है। सिद्दिकी 2022 के विधानसभा चुनाव के पहले बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए थे. उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। जबकि बसपा ने जितेंद्र कुमार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। फूलपुर से कुल 12 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, फूलपुर।***

**********

केंद्रीय विद्युत व आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर आज लखनऊ में आयोजित **डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट–दो हजार चौबीस** के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इससे पहले कल लखनऊ में श्री खट्टर ने प्रदेश के विद्युत और शहरी विकास मंत्री ए के शर्मा के साथ राज्य के विद्युत और शहरी विकास से संबंधित मुद्दों पर समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्रों और नगर विकास से संबंधित कार्यों पर भी चर्चा की। समीक्षा बैठक के पहले केन्द्रीय मंत्री ने सफाई व्यवस्था की निगरानी करने के लिए गठित डेडिकेटेड कंट्रोल सेन्ट्रल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सफाई व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश देश में पहला स्थान प्राप्त करेगा।

**बहुत अच्छा प्रोजेक्ट यहां स्थापित किया गया है। अभियान चलाने के लिए स्वच्छता के काम को निरंतर उसको ध्यान रखने के लिए प्रोजेक्ट है और मुझे ये भी जानकारी मिली है कि उत्तर प्रदेश की रैकिंग ये देश भर में 9वीं रैकिंग आई है। मैं इसमें अपेक्षा करूंगा कि हम कैसे इसको प्रथम स्थान पर लाने के लिए अपने आप को तैयार करें सिद्ध करे। ताकि स्वच्छ अगर उत्तर प्रदेश होगा। तो देश भी स्वच्छ निश्चित रूप से होगा।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पंद्रह नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती पर लखनऊ के संगीत नाटक अकादमी में छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ करेंगे। समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने बताया कि उद्घाटन समारोह के उपरांत ग्यारह बजे से सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

***इस बार ये अंतर्राष्ट्रीय जनजाति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसमें 22 राज्यों के प्रतिनिधिमण्डल के आने की पुष्टि अभी तक हो चुकी है। इसमें सांस्कृतिक गतिविधियों भी होंगी, व्यंजन भी होंगे और सबसे महत्वपूर्ण परिचर्चाएं होंगी कि किस तरीके से जनजाति कल्याण के लिए हमको काम करना है। अभी तक की सूचना।***

**********

अमरोहा के गंगा धाम तिगरी में चल रहे राजकीय कार्तिक पूर्णिमा मेले के मद्देनजर निकटतम कांकाठेर रेलवे स्टेशन पर कल से सोलह नवंबर तक ग्यारह एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव शुरू किया गया है। उधर इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम गोरखपुर से अयोध्या के लिए आज से सोहल नवंबर तक पैतालिस अतिरिक्त बसें चलाएगा।

**********